कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

Employees Provident Fund Organisation

(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)

(MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA)

मुख्य कार्यालय/Head Office

प्लेट ए, ग्राउंडफ्लोर, ब्लॉक-II, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023

Plate A, Ground Floor, Block II, East Kidwai Nagar, New Delhi-110023

Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

सत्यमेव जयते

संख्याः हि.अ./रा.भा. सम्मेलन-18/मुख्यालय/2024/ 2332

दिनाकः 25 FEB 2026

सेवा में,

सभी अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्या.)/
अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (अंचल) / निदेशक, पीडीनास,
अपर भविष्य निधि आयुक्त, मुख्यालय (प्र.से.प्र.)
सभी क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (क्षेत्रीय कार्यालय/आं.प्र.सं.)

संदर्भ: मुख्यालय का दिनांक 24/01/2025 का पत्र सं हि.अ/ रा.भा.सम्मेलन-17/ मुख्यालय/ 2024/ 222 [वेबसाइट पर वर्ष 2024-25 का कार्यालय आदेश क्रम सं० 290]

विषयः राजभाषा सम्मेलन के आयोजन के संबंध में।

महोदय/ महोदया,

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों और संसदीय राजभाषा समिति के निदेशानुसार राजभाषा के प्रगामी प्रयोग पर चर्चा/ विचार-विमर्श हेतु संगठन में वार्षिक राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया जाता है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी चार राजभाषा सम्मेलन आयोजित किए जाने हैं। इन राजभाषा सम्मेलनों में क्षेत्र विशेष के हिंदी से जुड़े सभी राजभाषा कर्मी अर्थात् निदेशक (राजभाषा), उप निदेशक (राजभाषा), सहायक निदेशक (राजभाषा), वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी एवं कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी शामिल किए जाएंगे।

2. तदनुसार वर्ष 2026 में निम्नलिखित अंचलों द्वारा उनके समक्ष दर्शाए गए तिमाही में राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा:

क्र.सं.	**तिमाही**	**मेजबान कार्यालय**
1.	**जनवरी से मार्च, 2026**	**आंचलिक कार्यालय, उत्तर प्रदेश**
2.	**अप्रैल से जून, 2026**	**आंचलिक कार्यालय, कोयंबतूर**
3.	**जुलाई से सितंबर, 2026**	**आंचलिक कार्यालय, राजस्थान**
4.	**अक्तूबर से दिसंबर, 2026**	**आंचलिक कार्यालय, उत्तर पूर्वी क्षेत्र**

3. संबंधित आंचलिक कार्यालय अपनी सुविधानुसार स्थान एवं समय निर्धारित करेंगे और यथासमय मुख्यालय को अवगत कराएंगे। इस अवसर पर मुख्यालय के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

4. तदनुसार सभी संबंधित आंचलिक कार्यालय, वर्ष 2026 हेतु निर्धारित अवधि के दौरान अपने अधीनस्थ कार्यालयों को सम्मिलित करते हुए उपर्युक्त रूपरेखा के अनुसार सम्मेलन का आयोजन सुनिश्चित करें तथा इस संबंध में मुख्यालय को भी यथासमय अवगत कराएं ।

भवदीय,

अमित

(अमित कटोच)
अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्या.)
/ प्रभारी राजभाषा

प्रतिलिपिः

1. अपर केंद्रीय भ.नि. आयुक्त, आंचलिक कार्यालय, नोएडा- सूचनार्थ एवं तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु।

2. अपर केंद्रीय भ.नि. आयुक्त, आंचलिक कार्यालय **कोयंबतूर-** सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

3. अपर केंद्रीय भ.नि. आयुक्त, आंचलिक कार्यालय, **राजस्थान -** सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

4. अपर केंद्रीय भ.नि. आयुक्त, आंचलिक कार्यालय, **उत्तर पूर्वी क्षेत्र, गुवाहाटी** -सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।

5. सभी उप निदेशक (राजभाषा) सहायक निदेशक (राजभाषा)/ वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी/कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

6. क्षेत्रीय भ.नि. आयुक्त, एनडीसी को वेब अपलोड के अनुरोध सहित ।